**शैक्षणिक स्तर : 2025-26**

**हिंदी (प्रथम भाषा)**

**कक्षा पाँच**

**पाठ्यक्रम**

**विशेष :**

ग्रेड के अंत तक विद्यार्थी कौन-कौन सी शिक्षण सम्प्राप्तियाँ प्राप्त करेगा, कौन सी क्षमताएँ अर्जित करेगा, विद्यार्थी किस काबिल होगा?

**मुख्य उद्देश्य:-**

प्राइमरी के पाँचवें वर्ष के अंत तक पढ़ाई का निम्नलिखित स्तर प्राप्त करने का दृष्टिकोण ध्यान में रखा जाए :-

**मौखिक अभिव्यक्ति:**

विद्यार्थी में ऐसी योग्यताओं का विस्तार करना जिससे वह:-

- रेडियो या रेडियो से स्कूलों के लिए प्रसारित किए जाने वाले कार्यक्रम को ध्यान से सुनकर अलग-अलग कार्यक्रमों में भेद कर सके।
- सुनने या पढ़ने के बाद पठित सामग्री पर कुछ पूछ सके अथवा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दे सके।
- उचित शिष्ट-रीति से (सभा समाज की रीति से) भाषा के शिष्ट (विनीत) रूप में बात कर सके।
- वाद-विवाद में भाग ले सके और बातचीत को नाटकीय रूप दे सके।
- हिंदी के सूक्ष्म अंतर वाले शब्दों के उच्चारण में भेद कर सके।
- सही उच्चारण, स्वर-शैली, गति और सरलता से हिंदी भाषा का मानक रूप बोल सके।
- जीवन की साधारण झाँकियों की नकल उतारनी, छोटे-छोटे नाटकों में अभिनय कर सकना।
- उचित गति और बोली के बीच ठहराव, बल, हाव भाव आदि का सही प्रयोग और बोलते समय मानक बोली का प्रयोग कर सके।

**पढ़ना: विद्यार्थी में ऐसी योग्यताओं का विस्तार करना जिससे वह:-**

- सही उच्चारण, स्वर-बल, स्वर-शैली और विराम चिह्नों के प्रति पूर्ण सावधानी का प्रयोग करते हुए गति से प्रभावशाली ढंग द्वारा बोलकर पढ़ सके।
- वाँछित गति और पूरी तरह समझते हुए मुँह में ही पढ़ने का अभ्यास (मौन पठन) कर सके।
- कम से कम 2-3 पूरक रीडर पढ़ सके।

- ➢ मनोरंजन के लिए चुनी हुई रचनाओं को पढ़ सके।
- ➢ 350 से 400 तक नए शब्द सीख सके।
- ➢ शब्दकोश का प्रयोग करना सीख सके।

**<u>लिखना:</u> विद्यार्थी में ऐसी योग्यताओं का विस्तार करना जिससे वह:–**

- ➢ शब्दों, वाक्यों और अनुच्छेदों का श्रुतलेख, उचित गति और शुद्धता से लिख सके।
- ➢ लिखते समय अर्धविराम, प्रश्नवाचक चिह्न विस्मय बोधक आदि सभी चिह्नों को भलीभांति लिख सके।
- ➢ पाठ्य–पुस्तक के पाठ में से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिख सके।
- ➢ संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, लिंग, वचन आदि की पहचान कर सके तथा लिखते समय इनका प्रयोग कर सके।
- ➢ संक्षिप्त कहानियाँ जैसे :– कछुआ और खरगोश, चालाक लोमड़ी, दो बिल्लियाँ और बंदर, टोपी वाला बंदर लिख सके।
- ➢ प्रार्थना पत्र / पत्र लिख सके।

**पत्र**

- विवाह में सम्मिलित होने के लिए मुख्य अध्यापक को प्रार्थना पत्र।
- जुर्माना माफी के लिए प्रार्थना पत्र।
- बीमारी के कारण अवकाश लेने हेतु प्रार्थना पत्र।
- ज़रूरी काम के लिए प्रार्थना पत्र

- ➢ सरल विषयों पर अपने शब्दों में 80 से 100 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिख सके।

**लिख**

- मेरा प्रिय त्योहार
- मेरे पिता जी
- मेरा प्रिय खेल
- स्वच्छ भारत
- प्रात: काल की सैर
- हमारे पड़ोसी

पाठ्य पुस्तक : हिंदी पुस्तक–5 (पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रकाशित)